फर्द अहकाम

(नियम–26)

अज अदालत अतिरिक्त कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सीता पत्नि डाडमचंद जाति खटीक निवासी बानसेन, तहसील भदेसर
बनाम
तुलसीबाई पत्नि रतनलाल जटिया निवासी बानसेन, तहसील भदेसर वगैरा

प्रकरण संख्या 99/2022 (रा.अ.)

तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
05.09.24	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता उभय पक्ष आज भी बावजूद सूचना के उपस्थित नहीं। रुक–रुक कर तीन–चार बार आवाजें लगवाई गई फिर भी उभय पक्ष तथा उसके अधिवक्ता में से कोई उपस्थित नहीं। अधिवक्ता अपीलांट पेशी दि. 24.07.2024 के अतिरिक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 09.05.2024 से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं अर्थात् वे अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। पुनः न्यायालय समय में रुक–रुक कर आवाजें लगवाई गई फिर भी उभय पक्ष तथा उनके अधिवक्ता में से कोई उपस्थित नहीं। अतः प्रकरण अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। अधीनस्थ कार्यालय का अभिलेख मय निर्णय की प्रति के प्रेषित किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।	